नवभारत
Pune | 08 August 2026 | Page 3

# 'द प्रोमेनेड रेजिडेंसेज' का शुभारंभ

**पुणे.** परांजपे स्कीम्स (कंस्ट्रक्शन) लिमिटेड ने पुणे के हिंजवड़ी फेज-1 स्थित 150 एकड़ की 'ब्लू रिज' टाउनशिप में नई प्रीमियम आवासीय परियोजना 'द प्रोमेनेड रेजिडेंसेज' शुरू की है. 32 मंजिला इस प्रोजेक्ट में प्रत्येक मंजिल पर केवल तीन आवास हैं, जिनसे मुला नदी और टाउनशिप का विहंगम दृश्य दिखता है. बिजनेस डेवलपमेंट निदेशक अमित परांजपे के अनुसार, यह परियोजना उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और प्रीमियम जीवनशैली प्रदान करती है. यहां 9-होल गोल्फ कोर्स, आईसीएसई स्कूल, स्पोर्ट्स क्लब और बिजनेस हब जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं मौजूद हैं. 1989 में स्थापित परांजपे स्कीम्स ने 35 वर्षों में 9 शहरों में 200 से अधिक परियोजनाएं बनाई हैं.